सराहनीय कार्य दिनांक 23-04-2026 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस व सर्विलांस / एसओजी टीम द्वारा थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत लूट की घटना कारित करने वाले 25-25 हजार रुपयों के ईनामियां 02 अभियुक्त 1. कुलदीप व 2. निखिल उर्फ कान्हा को 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस, 04 खोखा कारतूस, लूटे गये 95,880 रुपये व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल सहित पुलिस मुठभेड में किया गया गिरफ्तार।

- **अभियुक्त कुलदीप व निखिल पैर में गोली लगने से हुए घायल।**
- **घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु भेजा गया जिला अस्पताल।**
- **घटना में फाइनेन्स कर्मी अरविन्द भी था संलिप्त।**

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में जनपद में चोरी/छिनैती/लूट की घटना कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना टूण्डला पुलिस व सर्विलांस / एसओजी टीम द्वारा 02 अभियुक्तों 1.कुलदीप पुत्र सतवीर सिंह निवासी रिठोरी थाना कागारोल जनपद आगरा 2. निखिल उर्फ कान्हा उर्फ गुलडोरी पुत्र सूरजभान निवासी रिठोरी थाना कारागोल जनपद आगरा को पुराना बाईपास रोड हमीरपुर बंबे के रास्ते पर थाना क्षेत्र टूण्डला से पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा करातूस 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, लूटे गये 95,880 रुपये व घटना के प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों उपरोक्त के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 22.04.2026 को समय 13.30 बजे ग्रामीण कोटा फाइनेंस के दो कर्मचारी अरमान पुत्र निजाम निवासी शहीद नगर कॉलोनी थाना किरावली जनपद आगरा व अरविन्द पुत्र विजय पाल निवासी रिठौली थाना कागारौल जनपद आगरा मोटरसाइकिल से वैशालीपुरम कॉलोनी टूंडला ऑफिस से कुछ पैसे लेकर बैंक में जमा करने जा रहे थे, उसी समय 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्प्लेंडर बाइक से पीछे से झपट्टा मारकर बैग लेकर भाग गए। वादी की तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 193/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। विवेचना के क्रम में फाइनेन्स कर्मी अरविन्द सिंह पुत्र विजयपाल निवासी रिठोली थाना कारागोल जनपद आगरा को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गयी जिसमें अरविन्द द्वारा बताया कि उपरोक्त घटना मैने अपने 03 साथियों के साथ मिलकर की है। इसी क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा 304(2) को धारा 309(4) बीएनएस में तरमीम की गयी व धारा 61(2) बीएनएस की बढोतरी की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्तों 1.कुलदीप व 2. निखिल उर्फ कान्हा पर 25-25 हजार रुपयो का ईनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 23-04-2026 को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना में वांछित अभियुक्त कुलदीप व निखिल उर्फ कान्हा पुराना बाईपास रोड हमीरपुर बंबे के रास्ते पर पैसे बटवारे को लेकर इकट्ठा होने वाले हैं, उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस व सर्विलांस / एसओजी टीम द्वारा बाईपास रोड हमीरपुर बंबा रास्ते पर पहुँचे तो पुलिस टीम को अपनी ओर आते देख 02 संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा भी जबाबी फायरिंग की गयी जिसमें 02 संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। जिनकी पहचान 1.कुलदीप पुत्र सतवीर सिंह निवासी

रिठोरी थाना कागारोल जनपद आगरा 2. निखिल उर्फ कान्हा उर्फ गुलडोरी पुत्र सूरजभान निवासी रिठोरी थाना कारागोल जनपद आगरा के रुप में हुई है जो कि मु0अ0सं0 193/2026 धारा 309(4), 61(2) बीएनएस थाना टूण्डला में वांछित अभियुक्तगण हैं। घायल अभियुक्तों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा करातूस 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, लूटे गये 95,880 रुपये व घटना के प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुए हैं।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त–

1. कुलदीप पुत्र सतवीर सिंह निवासी रिठोरी थाना कागारोल जनपद आगरा।
2. निखिल उर्फ कान्हा उर्फ गुलडोरी पुत्र सूरजभान निवासी रिठोरी थाना कारागोल जनपद आगरा।

अभियुक्तगण आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 193/2026 धारा 309(4), 61(2) बीएनएस थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 तमंचा 315 बोर।
2. 04 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
4. 01 मोटर साइकिल (घटना में प्रयुक्त)।
5. 95,880 रुपये (लूटे गये)।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अनिल कुमार सिंह थाना टूण्डला फिरोजाबाद ।
2. नि0 श्री प्रेम शंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी मय एसओजी टीम जनपद फिरोजबाद।
3. नि0 श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 श्री विजय कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 श्री सचिन कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
8. है0का0 1016 नेत्रपाल सिंह थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
9. का0 187 मोहन सिंह थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
10. का0 1565 भूरी सिंह थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
11. का0 709 दीपक कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
12. का0 834 नरेन्द्र प्रताप थाना टूण्डला फिरोजाबाद।